खिलाड़ियों और तकनीकी पदाधिकारियों से मिले उपायुक्त, दी बधाई

नेशनल लॉन बाउल्स चैम्पियनशिप में देवघर के बच्चों ने झारखंड के लिए जीते 1 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य

देवघर (आससे)। जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जिले और राज्य का नाम रोशन किया है।

इसी क्रम में आज दिनांक 4.11.2026 को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री सौरभ कुमार भुवानिया ने हाल ही में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले देवघर जिले के बच्चों, खिलाड़ियों और तकनीकी पदाधिकारियों से मुलाकात की। उपायुक्त ने सभी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी और भविष्य में और बेहतर करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

इसके साथ ही, उन्होंने खिलाड़ियों के भविष्य को संवारने और उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए जिला खेल पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। ओडिशा के बलांगीर में 23 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2026 तक आयोजित 6वीं अंडर-25 नेशनल लॉन बाउल्स चैम्पियनशिप में देवघर के खिलाड़ियों ने झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए कुल 3 पदक (1 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य)



अपने नाम किए। सूरज कुमार केशरी ने लॉन बॉल्स में स्वर्ण पदक जीतकर चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया। सोनी कुमारी गुप्ता ने अंडर-25 एकल स्पर्धा में शानदार खेल दिखाते हुए रजत पदक जीता। करण कुमार ने अंडर-25 मिक्स जोड़े इवेंट में बेहतरीन तालमेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। जिले के आलोक कुमार का चयन कॉमनवेल्थ कबड्डी चैम्पियनशिप 2026 के लिए तकनीकी पदाधिकारी के रूप में हुआ था। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 21 से 31 अक्टूबर 2026 तक अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित की गई थी, जिसमें भारत सहित दुनिया के 14 देशों ने भाग लिया था। इस वैश्विक प्रतियोगिता का सीधा प्रसारण जियो हॉटस्टार पर भी किया गया था, जहां आलोक कुमार ने जिले का मान बढ़ाया। इसके अलावा योग के क्षेत्र में देवघर के रक्षित चंद्र झा ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का तिरंगा फहराया है।

थाईलैंड में वर्ल्ड फेडरेशन फॉर योग स्पोर्ट्स एशिया पैसिफिक द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में रक्षित ने सब-जूनियर ट्रेडिशनल योग और आर्टिस्टिक योग स्पर्धा में भारत के लिए कांस्य पदक जीतकर देश व जिले को गौरवान्वित किया है। विजेता खिलाड़ियों और पदाधिकारियों से मुलाकात के दौरान उपायुक्त श्री भुवानिया ने कहा कि देवघर में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है और प्रशासन इन बच्चों को आगे बढ़ने के लिए हर संभव मदद करेगा।

उन्होंने जिला खेल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि इन सभी खिलाड़ियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए जो भी आवश्यक संसाधन, ट्रेनिंग या सहयोग की आवश्यकता हो, उसे प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।

डा. रूपश्री किये गये सम्मानित

देवघर(आससे)। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, नेतृत्व और गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित EGN Connect X International E&hibition & Conference 2026 का आयोजन मुंबई के बॉम्बे एग्ज़िबिशन सेंटर, NESCO, गोरेगांव में किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित आयोजन में EGN – Education Growth Network द्वारा National Education Awards 2026 के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षाविदों के कार्यों को सम्मानित किया जा रहा है। मदर्स टच प्ले स्कूल की निदेशक डॉ. रूपश्री को इस प्रतिष्ठित आयोजन में आमंत्रित किया गया है। प्रारंभिक बाल शिक्षा के क्षेत्र में लगभग दो दशकों के अनुभव के साथ डॉ. रूपश्री का उद्देश्य बच्चों को प्रेम, संस्कार, रचनात्मकता और सहज सीखने के अवसरों से जोड़ना है। उनका मानना है कि बच्चे के जीवन के शुरुआती वर्ष उसके व्यक्तित्व और भविष्य की नींव तैयार करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती अदिति वर्धा सुनील काटखरे महिला एवं बाल कल्याण मंत्री महाराष्ट्रकी गरिमामयी उपस्थिति आयोजन को विशेष महत्व प्रदान करती है।

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी सूचना

सं. सीओएम/पीयूबी/पीआरओ/ई-ऑक्शन/2026 **दिनांक: 02.11.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने के लिए आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है: **ई-नीलामी कैटलॉग सं.: एसएन-पीएआरसी-171026, नीलामी शुरू होने की तिथि:** 17.11.2026, 12.00 बजे। **नीलामी की कैटेगरी:** पार्सल जगह (एसएलआर) को लीज पर देना। **ट्रेन नं. एवं एसएलआर :** 19436 आसनसोल-अहमदाबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस, एफएसएलआर-1; सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को उपर्युक्त सूची के अनुसार उक्त ई-नीलामी के संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है। ASN-309/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार विधान सभा सचिवालय

आवश्यक सूचना

बिहार विधान सभा सचिवालय के विज्ञापन संख्या-03/2024 के अंतर्गत प्रतिवेदन पद पर नियुक्ति हेतु दिनांक 29.06. 2025 एवं 30.06.2025 को आयोजित आशुलिपि परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों में से किसी भी अभ्यर्थी द्वारा उक्त पद हेतु निर्धारित अर्हता एवं मापदण्डों को पूरा नहीं किये जाने के कारण किसी भी अभ्यर्थी को अगले चरण के लिए योग्य नहीं पाया गया है।

ह./-जय प्रकाश दूबे
अवर सचिव
बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना

बिहार विधान सभा सचिवालय

आवश्यक सूचना

बिहार विधान सभा सचिवालय के विज्ञापन संख्या-01/2024 के अंतर्गत सहायक प्रशाखा पदाधिकारी एवं सहायक अवधायक के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु दिनांक 29.01.2024 से 15.02.2024 तथा दिनांक 29.11.2024 से 13.12.2024 तक ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किया गया। इन रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से पुन: ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 07.11.2026 (11:00 बजे पूर्वा.) से आवेदन कर सकते है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 27.11.2026 है। जो अभ्यर्थी इस पद हेतु पूर्व में आवेदन कर चुके हैं उन्हें पुन: आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

आवेदन करने से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आवश्यक निर्देश बिहार विधान सभा सचिवालय के वेबसाइट https://vidhansabha.bihar.gov.in पर उपलब्ध है।

ह./-जय प्रकाश दूबे
अवर सचिव
बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कानून व्यवस्था को लेकर हेमंत सोरेन सरकार पर साधा निशाना

देवघर (आससे)। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज्य की कानून-व्यवस्था को लेकर हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधा है. मंगलवार को देवघर के सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने राज्य सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए. रघुवर दास ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सबसे ऊपर होती है, लेकिन झारखंड में पिछले सात वर्षों से चल रही सरकार में जनता के हितों की अनदेखी हो रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में शासन व्यवस्था जनता के बजाय सिंडिकेट और माफियाओं के हितों के लिए काम कर रही है. पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी सरकार की पहली जिम्मेदारी राज्य के लोगों की जान-माल की सुरक्षा करना है. जनता को सुरक्षित माहौल देना सरकार का कर्तव्य है, लेकिन झारखंड में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है. उन्होंने कहा कि राज्य में अपराध की घटनाओं को लेकर सरकार को गंभीरता दिखानी चाहिए. कानून का डर अपराधियों में होना चाहिए, न कि आम लोगों में रघुवर दास ने कहा कि लोकतंत्र का मतलब जनता के द्वारा, जनता के लिए और जनता का शासन होता है. लेकिन झारखंड में सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि आम जनता की समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय कुछ खास समूहों के हितों को प्राथमिकता दी जा रही है. प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रघुवर दास ने राज्य में महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया. उन्होंने दावा किया कि झारखंड में 10 हजार से अधिक बच्चियों और महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं. इस आंकड़े के आधार पर उन्होंने राज्य सरकार से जवाब मांगा और पूछा कि आखिर महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है. रघुवर दास ने कहा कि राज्य की जनता को सुरक्षित माहौल और बेहतर शासन व्यवस्था मिलनी चाहिए. उन्होंने सरकार से कानून-व्यवस्था में सुधार करने और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की. देवघर में हुई इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए. अब देखना होगा कि रघुवर दास के इन आरोपों पर राज्य सरकार की ओर से क्या प्रतिक्रिया सामने आती है. प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व मंत्री रणधीर सिंह और पूर्व विधायक नारायणदास भी मौजूद थे।

भाजपा नेताओं ने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर लगाया भ्रम फैलाने का आरोप

देवघर(आससे)। भारतीय जनता पार्टी की ओर से देशभर में चलाए जा रहे 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत हजारीबाग में पदयात्रा का आयोजन किया गया. इसमें केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए. पदयात्रा के माध्यम से भाजपा नेताओं ने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर भ्रम फैलाने तथा देश में अराजकता का माहौल बनाने का आरोप लगाया. हजारीबाग पहुंचीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कांग्रेस देश में अराजकता फैलाना चाहती है. इसके खिलाफ अब आम जनता सड़कों पर उतरकर जवाब दे रही है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस देशभर में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है, लेकिन जनता को उस पर विश्वास नहीं है. कुछ लोग विदेशी शक्तियों के साथ मिलकर टूलकिट के रूप में काम कर रहे हैं और संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल खड़े कर रहे हैं. उन्होंने कांग्रेस पर दोहरे चरित्र का आरोप लगाते हुए कहा कि जहां पार्टी चुनाव जीतती है, वहां सब कुछ ठीक बताती है, जबकि हारने पर चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाने लगती है. हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल पूरे देश में झूठ की राजनीति कर भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं.

'सुरों की मल्लिका 'बिहार कोकिला' शारदा सिन्हा आज भी हमारे दिल में विराजमान हैं'

देवघर(आससे)। भारतीय लोक संगीत के आकाश में एक ऐसा नाम, जिसने अपनी जादुई और सधी हुई आवाज से लोकगीतों को फर्श से उठाकर अर्श तक पहुँचाया, वह थीं पद्म भूषण सम्मानित प्रख्यात लोक गायिका शारदा सिन्हा। उन्हें प्यार से बिहार कोकिला और भोजपुरी कोकिला कहा जाता था। 5 नवंबर 2024 को उनका महाप्रयाण भारतीय संगीत जगत के लिए एक ऐसी अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई असंभव है। मौके पर स्थानीय ओमसत्यम इंस्टिट्यूट ऑफ फिल्म, ड्रामा एंड फाइन आर्ट्स के निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा शारदा सिन्हा की पुण्यतिथि पर उनके सुमधुर स्वर, लोक संस्कृति के प्रति उनका समर्पण और उनकी अमिट विरासत स्वत: स्मरण हो आती है। उनका जन्म 1 अक्टूबर 1952 को बिहार के सुपौल जिले के हुलास गाँव में हुआ था। बचपन से ही उन्हें संगीत का परिवेश मिला और शास्त्रीय संगीत में तालीम हासिल करने के बाद उन्होंने अपनी जड़ों को नहीं छोड़ा। उन्होंने मुख्य रूप से मैथिली, भोजपुरी, मगही और हिंदी में अपनी प्रस्तुतियां दीं। उस दौर में जब लोक संगीत को आधुनिकता की चमक-दमक के पीछे कमतर आंका जाने लगा था, शारदा सिन्हा ने अपनी माटी की खुशबू को पूरी दुनिया में फैलाया। उनके गाए विवाह गीत, समदाउन, जट-जटिन और विदाई के गीतों ने हर भारतीय परिवार के सुख-दुख में अपनी जगह बनाई। जब भी कार्तिक मास आता है और छठ महापर्व के अनुष्ठान शुरू होते हैं, तो हर घर, घाट और गली-कूचे में शारदा सिन्हा की ही आवाज गूंजती है। केलवा के पात पर उगेलन सुरुजमल झांके झुके..., पहिले पहिल हम कईनी छठी मैया व्रत तोहार... और मारबो रे सुगवा



धनुष से... जैसे उनके दर्जनों गीत केवल गाने नहीं हैं, बल्कि वे सूर्य उपासना के उस पवित्र पर्व की प्राणवायु बन चुके हैं। यह एक विडंबना ही थी कि जिस दिन लोक आस्था के महापर्व छठ की शुरुआत हुई (5 नवंबर 2024), उसी दिन शारदा सिन्हा इस नश्वर संसार को अलविदा कह गईं। ऐसा लगा मानो छठी मइया ने अपनी इस प्रिय अर्चिका को अपनी गोद में समेट लिया हो। उनके बिना छठ की कल्पना आज भी अधूरी सी लगती है। उन्होंने केवल पारंपरिक मंचों तक ही खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि बॉलीवुड में भी लोक धुनों का परचम लहराया। मैंने प्यार किया फिल्म का गीत कहे ता से सजना... हो या फिर गैंग्स ऑफ़ वासेपुर का लोकप्रिय गाना तार बिजली से पतले हमारे पिया..., उन्होंने अपनी विशिष्ट शैली से फिल्मों में भी शुद्ध लोक संगीत को स्थापित किया। उनकी आवाज में एक मिठास, एक अपनापन और ऐसा खिंचाव था जो सीधे सुनने वाले के दिल को छू जाता था। कला और संस्कृति के क्षेत्र में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें 1991 में पद्म श्री और 2018 में पद्म भूषण से सम्मानित किया। इसके अलावा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार सहित उन्हें कई अन्य प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा गया। उनके निधन के उपरांत उनकी कला को और अधिक सम्मान देते हुए उन्हें मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक की घोषणा की गई, जो उनके कला-साधना के प्रति राष्ट्र की सच्ची कृतज्ञता थी। उनका व्यक्तिगत जीवन कला के प्रति उनके समर्पण जितना ही संघर्षपूर्ण और प्रेरणादायक रहा। जीवन के अंतिम वर्षों में वे मल्टिपल मायलोमा (एक तरह का ब्लड कैंसर) जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं। इसी बीच, सितंबर 2024 में उनके जीवनसंगी और सबसे बड़े संबल ब्रजकिशोर सिन्हा का अचानक ब्रेन हेमरेज से निधन हो गया। जीवनसाथी के जाने का यह सदमा वे सहन नहीं कर पाईं और पति के वियोग के कुछ ही हफ्तों बाद दिल्ली के एम्स अस्पताल में उन्होंने भी अंतिम सांस ली। उनका यह जाना एक युग के अंत जैसा था। आज भले ही शारदा सिन्हा शारीरिक रूप से हमारे बीच मौजूद नहीं हैं, किंतु उनकी सुरीली आवाज और उनके गाए गीत शाश्वत रूप से अमर हैं। जब तक बिहार की नदियाँ बहती रहेंगी, जब तक लोक पर्वों पर छठी मइया की आराधना होती रहेगी और जब तक विवाह व उत्सवों की रस्में निभाई जाती रहेंगी, तब तक शारदा सिन्हा अपनी धुनों और गीतों के माध्यम से हर भारतीय के हृदय में जीवित रहेंगी। उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन और विनम्र श्रद्धांजलि!

इनर व्हील क्लब ने महिला को भेंट किया 'पिंक टोटो'

देवघर (आससे)। इनर व्हील क्लब ने देवघर में पहली बार एक जरूरतमंद महिला को रोजगार का साधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'पिंक टोटो' भेंट किया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में देवघर नगर निगम की डेप्युटी मेयर श्रीमती टीप चटर्जी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में क्लब सदस्य श्रीमती रीता चौरसिया, डॉ. के. पल्लवी की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने संयुक्त रूप से महिला लाभार्थी आशा सिंह को पिंक टोटो की चाबी सौंपकर उनके जीवन में एक नई शुरुआत का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य आशा सिंह को सम्मानजनक आजीविका का अवसर प्रदान कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को माँ ललिता देवी विद्या विहार संस्थान द्वारा प्रायोजित किया गया है। संस्थान के सहयोग से साकार हुई यह पहल महज एक वाहन का उपहार नहीं, बल्कि एक महिला के जीवन में आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और बेहतर भविष्य की संभावनाओं का प्रवेश द्वार है। इस



अवसर पर क्लब की अध्यक्ष डॉ. ममता किरण ने कहा, महिला सशक्तिकरण का वास्तविक अर्थ केवल महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना नहीं, बल्कि उन्हें ऐसे अवसर और संसाधन उपलब्ध कराना भी है, जिनसे वे अपने पैरों पर खड़ी हो सकें। हमारा प्रयास है कि आशा सिंह इस पिंक टोटो के माध्यम से अपनी आजीविका अर्जित करें और आत्मसम्मान के साथ अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। हमारा मानना है कि जब एक महिला आत्मनिर्भर बनती है, तो उसका पूरा परिवार सशक्त होता है। क्लब ने इस पुनीत कार्य को संभव बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए माँ ललिता देवी विद्या विहार संस्थान के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। साथ ही, मुख्य अतिथि श्रीमती टीप चटर्जी एवं विशिष्ट अतिथियों श्रीमती रीता चौरसिया और डॉ. के. पल्लवी , सेक्रेटरी अर्पणा सिन्हा, iso अर्चना सिंहा, tresrer चंद्रप्रभा, pp ज्ञानी मिश्रा,पीपी सरिता अग्रवाल,पीपी सारिका साह,पीपी अर्चना भगत एडिटर सुषमा रानी,पीपी रश्मि रंजन झा,पीपी रूपा छाछरिया, नमिता भगत,निशा जायसवाल,करुणाजी, विभा सिंह, सावित्री गुप्ता,जुली कुमार,शालिनी सौरव,आरती झा,के प्रति भी विशेष धन्यवाद प्रकट किया। एक पिंक टोटो, एक नई शुरुआत और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता एक मजबूत कदम।

भाकपा माले का जन वितरण प्रणाली सुधार अभियान जारी



देवघर (आससे)। भाकपा माले का जन वितरण प्रणाली सुधार करो अभियान एवं झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा सदस्यता अभियान का चौथा दिन देवघर प्रखंड अंतर्गत चांदडीह के बसमता गांव में झारखंड आंदोलन कारी दिशौम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन के सह योद्धा स्वर्गीय झगरू पंडित की चौथी पुन्य तिथि मनाया गया। अभियान का नेतृत्व कर रहे भाकपा माले देवघर जिला सचिव कामरेड रघुपति पंडित ने स्वर्गीय झगरू पंडित के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि झारखंड अलग राज्य और महाजनों के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व कर रहे स्वर्गीय शिबू सोरेन ने स्वर्गीय झगरू पंडित एवं अन्य साथियों के साथ मिलकर संथाल परगना में आंदोलन तेज किया था। जिसमें जामताड़ा जिला का चिरुडीह घटना भी प्रमुख है। झगरू पंडित बंजर जमीन को कृषि योग्य जमीन बनाना सामुहिक खेती करने में महारत हासिल किया था। इसलिए शिबू सोरेन ने झगरू पंडित का दुसरा नाम कृषि पंडित दिया था। रघुपति पंडित ने जन वितरण प्रणाली सुधार करो अभियान पर चर्चा करते हुए कहा कि लगातार हम गांव में राशन को लेकर राशन कार्ड धारियों के बिच जाने का काम कर रहे हैं।

लेकिन लोगों के बिच में राशन को लेकर गंभीर स्थिति है। अक्टूबर माह के राशन वितरण में काफी लोगों का राशन कटोती किया गया है। डी एस ओ ने निर्देश जारी किया था कि सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अपनी निगरानी में राशन वितरण कराऐ लेकिन ऐसा नहीं किया गया। जिसके कारण दुकान दार कार्ड धारियों को डरा धमकाकर कर राशन कटोती कर लिया गया। जब इसका कार्ड धारी विरोध करता है तो कार्ड निरस्त करने कि धमकी दिया जाता है। सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा कोषांग देवघर ने कहा था कि 31 अक्टूबर तक सभी इंदिरा गांधी वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन धारी को सात माह का बकाया पेंशन दे दिया जाएगा। लेकिन अभी तक पेंशन धारी को पेंशन नहीं मिला है। पेंशन धारीयों में काफी आक्रोश है लेकिन वृद्धावस्था में कर भी क्या सकता।

भाकपा माले लगातार राशन और पेंशन के सवाल पर आंदोलन कर रही है। रघुपति पंडित ने कहा कि पेंशन धारी को पेंशन अविलंब भूगतान किया जाए और राशन वितरण में सुधार संबंधित विभाग नहीं करता है तो 15 नवंबर के बाद एक जिला स्तर पर बड़ा आंदोलन करेंगे। इस अवसर पर जिला कमेटी सदस्य राजेंद्र यादव, विनोद मंडल, प्रजनन पंडित, रावण पंडित ,सरलू पंडित, कार्तिक पंडित ,ललीन मंडल, बुधो मंडल,ग्राम प्रधान जिम्मेदार गोस्वामी ,महेंद्र महतो ,पंचु पंडित ,झकसु पंडित ,गुजरी देवी, कुसमी देवी ,तारा देवी हेमंत देवी, कामेश्वर पंडित ,पुतुल देवी आदि उपस्थित थे।

वर्गीकृत

शपथ पत्र

मैं निहारिका देवी (NIHARIKA DEVI) पति-नन्द किशोर सिंह निवास-अरक थाना-कृष्णाब्रह्म जिला बक्सर बिहार 802111 शपथ पत्र संख्या-19308 दिनांक 28-10-26 एवं 19476 दिनांक 2-11-26 के द्वारा घोषणा करती हूं कि मेरे पुत्र आनन्द प्रताप सिंह (ANAND PRATAP SINGH) वर्ग-नवम एवं अमूल्य प्रताप सिंह (AMULYA PRATAP SINGH) वर्ग -आठ के स्कूल संत कैरेन्स कालेजियेट स्कूल बिहटा के पंजी में मेरा नाम निहारिका सिंह दर्ज हो गया है जो गलत है मेरी सही नाम निहारिका देवी है। CN.-7792

शपथ पत्र

मैं, अमरनाथ वर्मा, पिता-स्व. बद्री लाल वर्मा, उम्र लगभग 36 वर्ष, वर्तमान एवं स्थायी निवासी वर्मा हाउस, वृंदावन कॉलोनी, गली नं.-8, कृष्णा पथ, (SBI) ट्रांसपोर्टनगर ब्रांच के नजदीक, वार्ड नं. -55, कुम्हरार, थाना-अगमकुआं, पोस्ट ऑफिस-बी.एच. कॉलोनी, पटना, बिहार-800026 है। यह कि मेरे सगा बेटे के जन्म प्रमाण पत्र पर उसका सही नाम Shiv Narayan Verma (शिव नारायण वर्मा) और जन्म तिथि दर्ज है। यह कि गलती और अज्ञानतावश मेरे बेटे के आधारकार्ड पर उसका नाम त्रुटिवश Shree Narayan (श्री नारायण) दर्ज हो गया है। यह कि Shiv Narayan Verma और Shree Narayan दोनों एक ही बच्चे (मेरे बेटे) के नाम हैं और भविष्य में उसे केवल Shiv Narayan Verma (शिव नारायण वर्मा) के नाम से ही जाना और पहचाना जाये। शपथ पत्र सं. 32 ता. 3.11.26

जन्म तिथि परिवर्तन

मैं, रमेश कुमार शर्मा, पुत्र कृपाल मिस्त्री, निवास-भागवती कॉलोनी, पीपरा रोड, परसा बाजार, पो.-परसा, जिला-पटना (बिहार) 804453 शपथ पत्र सं. 19701 ता. 4.11.26 द्वारा यह घोषणा करता हूं कि अभय कुमार मेरा पुत्र है। मेरे पुत्र के स्कूल रिकार्ड में जन्मतिथि 20.5.2011 दर्ज है, जो गलत है। मेरे पुत्र का सही जन्म तिथि 20.5.2013 है, जो उसके आधारकार्ड में दर्ज है।

रसीद सं. 990

नाम परिवर्तन

मैं, जैतून ज्योति, पिता-कौशल आलम, निवास नं.-बी/149, बुद्धा कॉलोनी थाना-बुद्धा कॉलोनी, जिला-पटना (बिहार)-800013 शपथ पत्र सं. 6085 तारीख 13.10.26 द्वारा यह घोषणा करती हूं कि मेरे मैट्रिक सर्टिफिकेट में गलती से मेरा नाम जतिन ज्योति (Jatin Jyoti) हो गया है जबकि मेरे आधारकार्ड में जैतून ज्योति और बांकी सारे सर्टिफिकेट में जैतून ज्योति ही है, जो कि सही एवं सत्य है। अत: मैं ही जैतून ज्योति और जतिन ज्योति हूं। दोनों मेरा ही नाम है तथा जैतून ज्योति के नाम से भविष्य में जानी तथा पहचानी जाऊंगी।

शपथ-पत्र

मैं, प्रमिला देवी, पति लाल बाबू राय, ग्राम मोलाहा, पोस्ट अरबिंद नगर, थाना दरियापुर, वार्ड नं.-05, जिला छपरा सारण बिहार-841221 शपथ पूर्वक बयान करती हूं कि मेरी सुपुत्री तान्वी कुमारी है जिसका आधार कार्ड पर नाम सुरभि कुमारी है जो की गलत है। मेरी सुपुत्री का सही नाम सभी शैक्षिक प्रमाण-पत्र के अनुसार तान्वी कुमारी है। सुरभि कुमारी ओर तान्वी कुमारी दोनों नाम एक ही व्यक्ति (लड़की) से सम्बंधित है जो कि मेरी सुपुत्री है। आज से मेरी पुत्री तान्वी कुमारी के नाम से जानी जाएगी। 17060/2-11-26

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक

आगामी कोहरे से भरे मौसम के दौरान ट्रेनों का निरस्तीकरण

आगामी कोहरे से भरे मौसम से निपटने के लिए, नीचे उल्लेखित ट्रेनें निम्नानुसार निरस्त रहेंगी:-

सम्पूर्ण निरस्तीकरण

13035/13036 हावड़ा-देहरादून-हावड़ा उपासना एक्सप्रेस

- **13035 हावड़ा-देहरादून उपासना एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 01/12, 04/12, 08/12, 11/12, 15/12, 18/12, 22/12, 25/12, 29/12/2026, 01/01, 05/01, 08/01, 12/01, 15/01, 19/01, 22/01, 26/01, 29/01/2027, 02/02, 05/02, 09/02, 12/02, 16/02, 19/02, 23/02 एवं 26/02/2027) निरस्त रहेंगी।
- **13036 देहरादून-हावड़ा उपासना एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 02/12, 05/12, 09/12, 12/12, 16/12, 19/12, 23/12, 26/12, 30/12/2026, 02/01, 06/01, 09/01, 13/01, 16/01, 20/01, 23/01, 27/01, 30/01/2027, 03/02, 06/02, 10/02, 13/02, 17/02, 20/02, 24/02 एवं 27/02/2027) निरस्त रहेंगी।

फेरे में कटौती

13019/13020 हावड़ा-काठगोदाम-हावड़ा बाघ एक्सप्रेस

- **13019 हावड़ा-काठगोदाम एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06/12, 13/12, 20/12, 27/12/2026, 03/01, 10/01, 17/01, 24/01, 31/01/2027, 07/02, 14/02, 21/02 एवं 28/02/2027) निरस्त रहेंगी।
- **13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 08/12, 15/12, 22/12, 29/12/2026, 05/01, 12/01, 19/01, 26/01/2027, 02/02, 09/02, 16/02, 23/02/2027 एवं 02/03.2027) निरस्त रहेंगी।

12357/12358 कोलकाता-अमृतसर-कोलकाता दुर्गनिया एक्सप्रेस

- **12357 कोलकाता-अमृतसर दुर्गनिया एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 05/12, 12/12, 19/12, 26/12/2026, 02/01, 09/01, 16/01, 23/01, 30/01/2027, 06/02, 13/02, 20/02 एवं 27/02/2027) निरस्त रहेंगी।
- **12358 अमृतसर-कोलकाता दुर्गनिया एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 07/12, 14/12, 21/12, 28/12/2026, 04/01, 11/01, 18/01, 25/01/2027, 01/02, 08/02, 15/02, 22/02/2027 एवं 01/03/2027) निरस्त रहेंगी।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

कब्ज़ा नोटिस

जबकि, नीचे साइन करने वाले, एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड के ऑथराइज़्ड ऑफिसर होने के नाते, सिक्योरिटाइज़ेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फ़ाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफ़ोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (54 ऑफ़ 2002) ("कहा गया एक्ट") के तहत टेबल ("आर्सिल") में बताए गए ट्रस्ट के ट्रस्टी के तौर पर अपनी कैपेसिटी में काम कर रहे हैं और सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफ़ोर्समेंट) रूल्स, 2002 ("कहे गए रूल्स") के रूल 3 के साथ पढ़े गए उक्त एक्ट के सेक्शन 13 (12) के तहत मिली पावर्स का इस्तेमाल करते हुए, एक डिमांड नोटिस जारी किया है, जिसमें बॉरोअर(स), गारंटर और मॉर्टगेजर से अमाउंट वापस करने के लिए कहा गया है, जिसकी डिटेल्स नीचे टेबल में दी गई हैं:

कर्जदार/गारंटर/मॉर्गेजर ने बताई गई रकम वापस नहीं की है, इसलिए कर्जदार/गारंटर/मॉर्गेजर को खास तौर पर और आम जनता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे साइन करने वाले ने, उसे दिए गए एक्ट के सेक्शन 13 के सब-सेक्शन (4) के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, नीचे बताई गई तारीख को "जैसा है जहां है और जो कुछ भी है" के आधार पर, नीचे बताई गई अचल प्रॉपर्टी पर फिजिकल कब्ज़ा कर लिया है।

क्र. सं.	उधारकर्ता का नाम और गारंटर और LAN	13(2) नोटिस की तिथि एवं राशि (रु. में)	कब्जे की तिथि और प्रकार
1	कर्जदार: श्री/श्रीमती श्याम कुमार, श्री/श्रीमती अवधेश भगत, श्री/श्रीमती अनीता देवी (HL25MUZ000078279) आर्सिल-ट्रस्ट-2026-013	एचएल/एलएपी सुविधा के संबंध में 22-01-2026 तक रु.1262897/- (केवल बारह लाख बासठ हजार आठ सौ सत्तानवे रुपये), भुगतान/प्राप्ति तक आगे के ब्याज और शुल्कों के साथ, साथ में सभी आकस्मिक लागतें, शुल्क और व्यय। नोटिस की तारीख: 27.01.2026	02.11.2026 को प्रतीकात्मक कब्ज़ा

प्रॉपर्टी का मालिकाना हक: मौज़े-बेरुआ टोले चोनिरिया, थाना-गयाघाट, थाना नंबर-150, खाता नंबर-1093,457, सर्वे नंबर 437/5788,449,448, अंचलगयाघाट, जिला- मुजफ्फरपुर, बिहार, पिन-843118, साइट/असलियत के हिसाब से: उत्तर - सिमन / रास्ता, दक्षिण - रास्ता, पूरब - प्रमानंद भगत, पश्चिम - रास्ता थेन एमडी इस्लाम/मकसूद / मकबूल। डीड के हिसाब से: उत्तर - रास्ता कच्ची/क्रेटा, दक्षिण - क्रेता खेवाला/रास्ता, पूरब - हिस्सा फारिक प्रमानंद भगत, पश्चिम-मकबूल और मकसूद

विशेष रूप से उधारकर्ता / गारंटर / बंधककर्ता और आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि आर्सिल ऊपर वर्णित अचल संपत्ति के वैध कब्जे में है और SARFAESI अधिनियम, 2002 की धारा 13(13) के तहत, उधारकर्ता / गारंटर / बंधककर्ता या कोई भी व्यक्ति, इस नोटिस की प्राप्ति के बाद, आर्सिल की पूर्व लिखित सहमति के बिना अचल संपत्ति को बिक्री, पट्टे या अन्यथा सौदा / अलग नहीं करेगा और अचल संपत्ति के साथ कोई भी व्यवहार ऊपर वर्णित राशि के लिए आर्सिल के प्रभार के अधीन होगा, साथ ही आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि के साथ उपरोक्त राशि पर अनुबंध की दर पर भविष्य का ब्याज भी लगेगा।

उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं का ध्यान उपर्युक्त अचल संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

जगह: बिहार
दिनांक: 02.11.2026

ह/-, प्राधिकृत अधिकारी
एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड
(आर्सिल ट्रस्ट के ट्रस्टी - ARCIL-TRUST-2026-013)

Arcil Premier ARC
एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड,
CIN - U65999MH2002PLC134884, वेबसाइट: www.arcil.co.in
रजिस्टर्ड ऑफिस: द रूबी, 10वीं मंजिल, 29 सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम),
प्रीमियर एआरसी मुंबई - 400 028. तेल: +91 2266581300